तापमान

अधिकतम 28.2 डिग्री

न्यूनतम 24.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, शुक्रवार 30 अगस्त 2024





10 भारत को विश्वगुरु बनाने भाजपा का...



10 मनवा कुर्मी समाज ने किया कैबिनेट मंत्री का...





B.M. COLLEGE

BCA | BBA

PGDCA | B.Ed.

आई.टी.आई.

- कोपा
- इलेक्ट्रिशियन
- हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
- डीजल मैकेनिक
- फायर टेक्नालॉजी
- स्टेनो हिन्दी

गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग

8770638793, 9340311314

9303893829, 9300850065

अंतिम तिथि - 30/08/24


# अलसुबह से रिमझिम बारिश, दोपहर तक जनजीवन रहा प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

तीन दिनों से बारिश थमने के बाद बुधवार की रात से ही बूंदा-बांदी शुरू हो गई, जो गुरूवार सुबह से ही मध्यम बारिश में बदल गई। दोपहर तक कभी मध्यम तो कभी रिमझिम बारिश का दौर चलता रहा। इस दौरान जनजीवन पूरी तरह प्रभावित रहा। बाजारों की दुकानें बंद रहने के कारण लोगो की चहल पहल भी कम हो गई। दोपहर बाद बारिश थमने के बाद उमस और गर्मी से राहत मिली है। वहीं, मौसम विभाग ने अगले दो दिनों तक बारिश होने की संभावना व्यक्त की है। बता दें कि सावन लगते ही तेज बारिश का दौर शुरू हो गया था और सावन के दूसरे पखवाड़े में मानसूनी बारिश पर ब्रेक लग गया था। भादो माह लगते ही मानसूनी बारिश एक बार फिर से सक्रिय हो गया है। भादो माह के शुरूवाती पांच दिनों में जिले के तकरीबन सभी तहसीलों में बारिश होती रहीं। इस दौरान कुल 91 मिमी बारिश दर्ज की गई। जबकि, बीते तीन दिनों के दौरान सिर्फ 17.4 मिमी बारिश दर्ज की गई। लेकिन, तीन दिनों के बाद गुरूवार की सुबह से मध्यम बारिश शुरू हो गई, जो कि दोपहर तक जारी रही।

## अगले दो दिनों तक बारिश के आसार, भादो माह मानसूनी बारिश हुआ सक्रिय

### अब तक 689 मिमी बारिश दर्ज

जिले में इस साल एक जून से अब तक 689.5 मिमी औसत बारिश रिकॉर्ड की गई है। जिसमें पिथौरा तहसील में सबसे अधिक 966.6 मिमी, बसना में 833.0 मिमी, महासमुंद में 681.3 मिमी, बागबाहरा में 619.7 मिमी, सरायपाली में 582.2 मिमी और सबसे कम कोमाखान तहसील में 454.3 मिमी बारिश हुई है। पिछले 12 घंटों में जिले की औसत बारिश 8.7 मिमी रहीं।



### बीते साल से 64 मिमी कम बारिश

मालूम हो कि पिछले साल एक जून से 29 अगस्त तक जिले में कुल 753.5 मिमी बारिश हुई थी, जो सालभर की औसत बारिश का 85.1 प्रतिशत था। जिनमें जिसमें महासमुंद तहसील में सबसे अधिक 960 मिमी, बसना में 661 मिमी, पिथौरा में 744 मिमी, बागबाहरा में 749 मिमी और सरायपाली में 724 मिमी बारिश हुई थी।

## समस्या : शिक्षकों को अनहोनी की सता रही चिंता, बम्हनी स्कूल भवन जर्जर

# सवा करोड़ की लागत से निर्मित भवन में स्कूल लगने पहले ही आई दरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद


जिला मुख्यालय से महज 10 किमी


- 1 करोड़ 11 लाख रुपए से निर्मित शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल भवन जर्जर

दूर पर स्थित ग्राम बम्हनी में 01 करोड़ 11 लाख रुपए से निर्मित शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल भवन में साल भर बाद मोटी-मोटी दरारें आ गई हैं। इतना ही नहीं बल्कि, भवन के कई कोनों से जमीन भी खिसक गई है। गुणवत्ताहीन निर्माण के चलते खिड़की-दरवाजे टूटना शुरू हो चुका है। जिससे भवन में शिक्षकों को अनहोनी की चिंता सता रही है और शिक्षक कक्षा लगाने में डर रहे हैं। वहीं, पार्टीशन वाले कमरे को पूरी तरह से तोड़कर अब वहां पर लीपा पोती कर एक बार फिर से तैयार किया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल भवन बम्हनी का निर्माण 2022 में किया गया। इस भवन का निर्माण लोक निर्माण विभाग के अधीन एजेंसी द्वारा कराया गया है और इसका लोकार्पण भी हो चुका है। लेकिन, इस नए भवन में स्कूल संचालन नहीं किया जा रहा है। दरअसल, स्कूल भवन गुणवत्ताहीन निर्माण के चलते महज दो साल में जर्जर होने की स्थिति में पहुंच चुका है। दीवालों में अभी से अधिक मात्रा में क्रेक आना शुरू हो गया है। कई जगहों पर दीवालों के बीच

▶▶|शेष पेज 10 पर





### बताने के बावजूद ठेकेदार ने की अनदेखी

बम्हनी स्कूल के प्रभारी प्राचार्य श्री कागजी ने बताया स्कूल भवन के निर्माण के दौरान ही गुणवत्ताहीन कार्य चल रहा था। जिस संबंध में ठेकेदार का कई बार बताया भी गया। लेकिन, उन्होंने ध्यान नहीं दिया। इसके बाद भी भवन बना दिया गया। दो साल में भवन जर्जर अवस्था में पहुंच चुका है, जिसके चलते अब तक हैंड ओवर नहीं लिया गया है। इस भवन की जर्जर स्थिति के संबंध में कलेक्टर, लोक निर्माण विभाग, जिला शिक्षा कार्यालय को बता दिया गया है।

### मरम्मत कार्य कराया जा रहा

लोक निर्माण विभाग के ईई संतोष कुमार नेताम ने बताया कि महासमुंद जिले का प्रभार मिलने के बाद बम्हनी स्कूल की शिकायत मिली है। वहां पर दीवालों में दरार आने के अलावा खिड़की, दरवाजे भी उखड़ने लगे हैं और टाईल्स भी अपनी जगह से हट रहा है। जिसके बाद ठेकेदार को मरम्मत कराने को कहा गया है। उनके द्वारा मरम्मत कराया जा रहा है और यदि वह भवन को पूरी तरह ठीक कर नहीं देता है, तो ठेकेदार द्वारा जमा किए गए निष्पादन गारंटी के माध्यम से ठीक कराया जाएगा।

# पर्सनल आईडी से रेलवे टिकट बनाकर बेच रहा अधिक दाम पर, हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के सरायपाली स्थित च्वाइस सेंटर पर व्यक्तिगत आईडी से अवैध टिकट बुकिंग के मामले में संबलपुर रेलवे विजिलेंस टीम ने छापा मारा। टीम ने च्वाइस सेंटर को सील कर दिया है। संचालक के खिलाफ महासमुंद आरपीएफ ने अपराध दर्ज किया है।

दरअसल, संबलपुर रेलवे विजलेंस की 5 सदस्यीय टीम बुधवार की सुबह 9 बजे से देर रात देवांगन च्वाइस सेंटर पर कार्रवाई करती रही। यह कार्रवाई पर्सनल आईडी से रेलवे टिकट बुक करने के मामले में की गई है। रेलवे साइबर सेल ने पिछले कुछ महीनों से सुनील कुमार देवांगन (38) के नाम पर रेलवे टिकट बुकिंग होने की जानकारी संबलपुर विजलेंस टीम को दी थी। इसके बाद विजलेंस टीम ने उस पर्सनल आईडी को ट्रेस किया तो पता चला कि संचालक ने दुरुपयोग करते हुए पिछले 6-7 महीनों से अपने पर्सनल आईडी के जरिए ▶▶|शेष पेज 10 पर



### आईडी हो गया था एक्सपायरी

आरपीएफ थाना प्रभारी प्रवीण सिंह धाकड़ के अनुसार च्वाइस सेंटर के संचालक सुनील देवांगन ने आईआरसीटीसी टिकट बुकिंग करने का रेलवे से परमिशन ले रखा था। इस काम के लिए रेलवे द्वारा संचालक को व्यवसायिक आईडी जारी किया गया था, जो पिछले 6-7 महीने पहले एक्सपायरी हो गया। आईआरसीटीसी की आईडी से टिकट बनाने वाले च्वाइस सेंटर ग्राहकों से अधिक राशि भी नहीं ले सकता है। उसे महासमुंद आरपीएफ थाने लाकर पूछताछ की। उसके खिलाफ रेलवे एक्ट की धारा-143 के तहत कार्रवाई की गई है। चूंकि, छग हाईकोर्ट के आदेशानुसार यह धारा जमानती है, इसलिए, उसे थाना से ही मुचालका पर जमानत दे दी गई है।

## खबर संक्षेप

### देशी प्लेन शराब के साथ एक गिरफ्तार

**महासमुंद।** पिथौरा थाना पुलिस ने शराब की अवैध बिक्री करते एक युवक को पकड़ा है। पुलिस ने बताया है कि मुखबिर की सूचना पर 28 अगस्त को आरोपी चंद्रकुमार डडसेना पिता कार्तिकराम डडसेना (34 साल) निवासी ग्राम सरकड़ा के कब्जे से दो थैला में रखा 30 पौवा यनिक देशी प्लेन को जब्ती कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट कायम कर जेल भेज कार्रवाई किया गया है।

### बेटे ने पिता से की मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** सिटी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बरबसपुर में पिता से बेटे ने मारपीट करने पर रिपोर्ट दर्ज किया है। बिसाहू डहरिया ने पुलिस को बताया है कि हम पति-पत्नी के बीच विवाद होता देख मेरा छोटा लड़का धनेश मुझे गालियां देने लगा और जान से मार दूंगा कहते हुए हाथ मुक्का एवं लकड़ी के डंडे से मारपीट किया। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### सड़क हादसे में युवक की मौके पर मौत

**महासमुंद।** सड़क क्रॉस कर रहे एक युवक को अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दिया, जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने रिपोर्ट पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस ने बताया कि 28 अगस्त की सुबह करीबन 5.45 बजे एनएच 53 नेशनल हाईवे हाडाबंद डबरी के पास अज्ञात वाहन के चालक ने तेज व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए सोमनाथ विश्वकर्मा पिता केशव (28 साल) निवासी घोड़ारी को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। गंभीर चोट लगने से युवक की मौके पर ही मौत हो गई। अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ धारा 281, 106(1) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है।

# कांग्रेसियों ने जलाया मुख्यमंत्री व गृह मंत्री का पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर मुख्यमंत्री और गृहमंत्री पर नाकामी का आरोप लगाते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद दीपक बैज के निर्देशन में कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ. रश्मि चंद्राकर के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने स्थानीय नेहरू चौक में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा गृहमंत्री विजय शर्मा का पुतला दहन किया। डॉ. रश्मि चंद्राकर ने कहा कि जब से छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार आई है, तब कानून व्यवस्था लचर हो चुकी है। जिसके कारण प्रदेश में लगातार अपराधों में वृद्धि देखने को मिल रही है। कानून व्यवस्था संभालने में मुख्यमंत्री व गृह मंत्री नाकाम साबित हो रहे। अपराधियों में डर पैदा करने की बजाय भाजपा सरकार कांग्रेस के निर्दोष कार्यकर्ताओं को डराने की कोशिश कर रही है, मगर कांग्रेस का एक भी कार्यकर्ता न लाठी से डरेगा और न ही बंदूक से। वो भाजपा सरकार की नाकामी के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करना जारी रखेगा। ▶▶|शेष पेज 10 पर



### अनावश्यक बर्बरता बरती गईः डॉ. रश्मि

जिलाध्यक्ष ने कहा कि विगत दिनों भिलाई-3 में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सुरक्षा में हुई चूक के मामले में संबंधित युवकों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन व थाना घेराव किया गया। लेकिन, प्रदर्शन के दौरान पुलिस प्रशासन द्वारा अनावश्यक तथा बर्बरतापूर्ण लाठीचार्ज किए जाने तथा शांतिपूर्वक विरोध प्रदर्शन कर रहे 150 से अधिक कांग्रेस कार्यकर्ताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के विरोध में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा गृह मंत्री विजय शर्मा का पुतला दहन किया।

# मोबाइल नहीं मिला तो, सारे सर्वे का काम होगा प्रदेशभर में बंद

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने कलेक्टोरेट का घेराव कर दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और बीएलओ द्वारा गुरूवार को बरसते पानी के बीच अपनी प्रमुख मांगों को लेकर कलेक्टोरेट का घेराव कर दिया। बारिश के कारण ज्ञापन लेने के लिए अधिकारियों को लंबा इंतजार करना पड़ा। ज्ञापन में कार्यकर्ताओं ने डीपीओ महिला बाल विकास विभाग एवं जिला निर्वाचन अधिकारी को बकाया राशि भुगतान और ओबीसी सर्वे का डाटा एंट्री करने मोबाइल, इंटरनेट की मांग की गई। मांग पूरी नहीं होने की स्थिति में काम बंद करने की चेतावनी भी दी गई है।



आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने बताया कि महासमुंद जिले सहित पूरे छत्तीसगढ़ में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सरकारी की योजनाओं को क्रियान्वित करने के लिए दिन और रात मेहनत कर रही हैं। चुनाव से लेकर मतदाता सूची बांटने तक में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाओं की भूमिका होने के बावजूद उनकी मांगों को शासन प्रशासन लगातार अनदेखी की जा रही है। जिससे आक्रोशित कार्यकर्ताओं और बीएलओ ने स्थानीय कर्मचारी भवन परिसर से बरसते पानी के बीच सैकड़ों की तादात में रैली निकालकर कलेक्ट्रेट को ज्ञापन देने पहुंचे। कार्यकर्ताओं से जिला निर्वाचन अधिकारी और जिला कार्यक्रम अधिकारी के नाम ज्ञापन सौंप कर बताया कि अप्रैल माह में 13 दिन मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के तहत गर्भवती और किशोरी बालिकाओं को गरम भोजन दिया गया था, जिसका आज तक भुगतान नहीं हो पाया है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बीते तीन माह से यात्रा भत्ता नहीं मिला है। वहीं, पोषण ट्रेकर में काम करने मोबाइल की मांग भी पूरी नहीं हो पाई है। इधर, जिला निर्वाचन शाखा द्वारा मोबाइल के ▶▶|शेष पेज 10 पर

# राज्यपाल रमेन डेका आज आएंगे महासमुंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका का जिला मुख्यालय आगमन आज शुक्रवार को होगा। महामहीम राज्यपाल डेका महासमुंद व सिरपुर प्रवास पर रहेंगे। वे सुबह 10.30 बजे रायपुर से रवाना होकर 11.30 बजे सर्किट हाउस महासमुंद पहुंचेंगे। दोपहर 12 बजे जिला पंचायत महासमुंद में अधिकारियों की बैठक लेने पश्चात दोपहर 1.30 बजे वे वापस सर्किट हाउस पहुँचेंगे। राज्यपाल लंच के पश्चात दोपहर 2.30 बजे पुरातत्व नगरी सिरपुर रवाना होंगे। जहां एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण कर सिरपुर भ्रमण करेंगे। डेका शाम 4 बजे राजभवन रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।


## पाठक सूचना

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969



॥ ओम शांति ॥ ॥ॐ नमो भगवते वासुदेवाय नमः॥ ॥ ओम शांति ॥

श्रद्धांजलि/दशगात्र



आगमन करमधाम 10.12.1982

चेतनलाल चंद्राकर (छोटू भाई)

प्रस्थान परमधाम 21.08.2024

अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे प्रिय अनुज **श्री चेतन लाल चंद्राकर (छोटू भाई)** का स्वर्गधाम प्रस्थान दिनाँक 21.08.2024 को हो गया है तथा उनको श्रद्धांजलि देने का कार्यक्रम (दशगात्र) दिनाँक - 30.08.2024 को रखा गया है। अतः आप सभी स्नेहीजन स्वजन व संबंधिजन जो मुझे या मेरे प्रिय अनुज को प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से जानते है वे सभी इस कार्यक्रम में पधारकर मेरे प्रिय अनुज छोटू भाई को श्रद्धांजलि देकर उनकी परमधाम की यात्रा को सुखमय बनाने मे सहायक बनेंगे।

-कार्यक्रम-

30.08.2024, दोपहर 1.00 बजे

स्थल : गृहग्राम बेलसोंडा

जिला-महासमुंद (छ.ग.)



पोखनलाल चंद्राकर (भैया)



भामिनी पोखन चंद्राकर (भाभी)

शोकाकुल परिवार-पंचराम, प्यारेलाल, नेतराम, बिसहत, संतराम, बनवारी, संतु, नंद, बलदाऊ, भोलाराम, दयाराम, जगमोहन, धनसिंग, झुम्मन, शोभाराम, संतोष, गैंदलाल, रमेश, नरेश, मगन, भुपेंद्र, लक्ष्मीकांत, अजय, लक्ष्यराज, आहान एवं समस्त श्याम सुंदर परिवार

## खबर संक्षेप

### जन्माष्टमी पर बच्चों ने प्रस्तुत की मनमोहक झांकियां

**महासमुंद।** ग्राम गढ़सिवनी के सरस्वती शिशु मंदिर में 27 अगस्त को स्कूली छात्र-छात्राओं ने कृष्ण जन्माष्टमी पर मनमोहक झांकी प्रस्तुत की। बच्चों ने कृष्ण जन्म से लेकर कंस वध और कृष्ण सुदामा की मित्रता से संबंधित झांकियां मन को लुभाने वाली थी। इस मौके पर बच्चों ने दही लूट, मटकी फोड़ में भी भाग लिया। राधा-कृष्ण की आकर्षक वेशभूषा में बच्चों ने भ्रमण किया। इसमें गांव के लोगों ने भी भाग लिया। मटकी फोड़ कार्यक्रम के बाद जगौती बाई निषाद द्वारा प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य दिलीप कुमार साहू, संरक्षक जीवनलाल साहू, डॉ. गैंदलाल पुष्पाकर, राजेश साहू, मनोज साहू, संतू साहू, शारदा पुष्पाकर व विद्यालय के आचार्य आदि मौजूद थे। विद्यालय संयोजक रोशनदास मानिकपुरी ने आभार प्रदर्शन किया।

### ईश्वरी निषाद शहीद राजीव पांडे खेल पुरस्कार से सम्मानित

**महासमुंद।** समाज कल्याण विभाग से मान्यता एवं अनुदान प्राप्त फॉर्चून फाउंडेशन प्रेतनडीह, सरायपाली द्वारा संचालित फॉर्चून नेत्रहीन उच्च माध्यमिक विद्यालय बागबाहरा की पूर्व छात्रा ईश्वरी निषाद ने पैरा एथलेटिक्स में शानदार प्रदर्शन कर राज्य स्तर पर छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त की है। ईश्वरी निषाद ने 100 मीटर, 200 मीटर और 1500 मीटर दौड़ प्रतियोगिताओं में कई पदक हासिल किए हैं। उनके इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें खेल एवं युवा कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राज्य खेल अलंकरण समारोह 2024 (पुरस्कार वर्ष 2021-22 एवं 2022-23) में वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए शहीद राजीव पांडे खेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जिसमें उन्हें प्रमाण पत्र, 3 लाख रुपये का चेक और 10,000 रुपये का नगद पुरस्कार प्रदान किया गया। इसके अलावा, संस्था के अन्य पूर्व छात्र श्रुति प्रधान को वर्ष 2021-22, लक्की यादव को 2022-23 के लिए दस-दस हजार एवं सुखदेव केंवट को वर्ष 2022-23 के लिए 15,000 रुपए का नगद पुरस्कार राशि प्रदाय किया गया। इस उपलब्धि पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, जिला पंचायत सीईओ एस आलोक एवं उप संचालक समाज कल्याण संगीता सिंह ने संस्था के अध्यक्ष निरंजन साहू और विजेता खिलाड़ियों के भविष्य को लेकर शुभेच्छा जताई है।

### कार की ठोकर से बाइक सवार दो लोग घयल

**महासमुंद।** ग्राम अरंड जामबाड़ी के पास मारूति कार की ठोकर से दो बाइक सवार के घायल हो जाने का घटना पर आरोपी चालक के खिलाफ थाना में रिपोर्ट दर्ज किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ओमप्रकाश विश्वकर्मा ग्राम परसदा (ख) का निवासी 28 अगस्त की सुबह 8 बजे घर से जेठू यादव के मोटर सायकल क्रमांक सीजी 04 पीसी 2129 में बैठकर जा रहे थे। ग्राम अरंड जामबाड़ी के पास अचानक बकरी आ जाने से मोटर सायकल का ब्रेक लगाया, इसी बीच पीछे से आ रही मारुति सुजुकी बलेनो कार क्रमांक सीजी 22 डब्लू 5384 के चालक ने अपने कार को तेज एवं लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए मोटर सायकल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया जिससे ओमप्रकाश विश्वकर्मा और उसके दोस्त को चोटें आई है कि शिकायत थाने मे किया गया है। पुलिस ने आरोपी कार चालक पर धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध कायम किया गया है।

# भारत को विश्वगुरु बनाने भाजपा का सदस्य बनकर सहभागी बनें: प्रदीप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



भाजपा के देशव्यापी सदस्यता अभियान को लेकर भाजपा खल्लारी मंडल कार्यशाला ग्राम खल्लारी में 29 अगस्त को हुई। कार्यशाला के पूर्व जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर के साथ सदस्यता अभियान के जिला प्रभारी संदीप दीवान, मंडल अध्यक्ष धरम दीवान, जिला कोषाध्यक्ष थानसिंग दीवान, मंडल प्रभारी नरेश चंद्राकर, भाजपा नेता हितेश चंद्राकर, मुन्ना साहु सहित जिला मीडिया प्रभारी गोपाल वर्मा सहित उपस्थित रहे। भाजपा मंडल अध्यक्ष धरम दीवान ने कहा कि हम सभी संगठन द्वारा दिए गए लक्ष्य को एकजुटता से कार्य करते हुए पूरा करेंगे। शक्ति केंद्र और स्तर तक के कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी प्रदान करते हुए फार्म और ऑनलाइन सदस्यता अभियान के लक्ष्य को प्राथमिकता से पूरा किया जाएगा। कार्यशाला में उपस्थित जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं के त्याग, तपस्या और परिश्रम से पूरे विश्व की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी बनी है। सदस्यता अभियान संगठन पर्व की शुरुआत है। आज पूरे देश मे वातावरण भाजपा के अनुकूल है। सदस्यता अभियान के जिला प्रभारी संदीप दीवान ने सदस्यता अभियान की विस्तार पूर्वक संपूर्ण जानकारी दी। प्रथम चरण में सभी सदस्यता टोली बूथ तक पहुंचकर 200 सदस्य बनाने के लक्ष्य को पूरा करेंगे। द्वितीय चरण में व्यावसायिक, शैक्षिक, सार्वजनिक संस्थानों और कमजोर क्षेत्र वाले स्थानों में और तृतीय चरण में सक्रिय सदस्य बनाए जाएंगे। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री संजय साहू एवं आभार किसान मोर्चा जिला महामंत्री भुवन साहू ने किया। सदस्यता अभियान मंडल खल्लारी की कार्यशाला में महामंत्री पूनम चंद्राकर, नंद निषाद, पुनीत ठाकुर, हृदय राम, लोकेश पनुरिया, भुनेश्वर लोधी, पूरन सबर, पदुम साहू, दीपक पटेल, भूषण नामदेव, भीम पटेल, अशोक साहू, सीतल चक्रधारी, खोमन साहू, रामनदास वैष्णव, छेदूराम चक्रधारी, कृष्णा चक्रधारी, यशवंत साहू, देवक साहू, पुनाराम साहू, ताराचंद देवागन, कुमारू गुप्ता, खेमराज दीवान, अजय दीवान सहित मंडल पदाधिकारी, शक्ति केंद्र संयोजक, सहसंयोजकगण मौजूद रहे।

# परसवानी में हुआ दिव्यांगजन प्रमाणीकरण शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



जिले में दिव्यांगजनों के प्रमाणीकरण के लिए विभिन्न विकासखंडों में शिविरों का आयोजन 12 अगस्त से 9 सितंबर तक किया जा रहा है। इसी क्रम में 29 अगस्त को विकासखंड पिथौरा के ग्राम पंचायत परसवानी में दिव्यांग व्यक्तियों के प्रमाणीकरण, नवीनीकरण, सहायक उपकरण चिन्हांकन, मूल्यांकन एवं यूडीआईडी कार्ड निर्माण के लिए शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 365 व्यक्ति सम्मिलित हुए। जिसमें 165 दिव्यांग व्यक्तियों का पंजीयन, 37 दिव्यांगों का प्रमाणीकरण, 18 दिव्यांग प्रमाण पत्र का नवीनीकरण, विभिन्न उपकरण के लिए 10 दिव्यांगों का चिन्हांकन, यूडीआईडी के लिए 64 फार्म संकलन किया गया। शिविर जिला प्रशासन के निर्देश पर एवं संगीता सिंह उप संचालक समाज कल्याण तथा जनपद सीईओ चंद्र प्रकाश मनहर के मार्गदर्शन में जिला चिकित्सालय महासमुंद के मेडिकल बोर्ड के समन्वय एवं जनपद पंचायत महासमुंद के समाज शिक्षा संगठक दिनेश दीक्षित एवं जनपद पंचायत एवं समाज कल्याण विभाग के अधिकारी/कर्मचारियों की उपस्थिति में हुई। आगामी शिविर बसना विकासखंड के ग्राम पंचायत बड़ेसाजापाली में 2 सितंबर 2024 को आयोजित किया जाएगा।

# भाजपा सदस्यता अभियान को लेकर हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद




भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय नेतृत्व, प्रदेश/जिला संगठन के निर्देशानुसार सदस्यता अभियान 2024 की कार्ययोजना रुपरेखा तैयार करने निमित्त, आवश्यक कार्यशाला का आयोजन तेंदुकोना सरस्वती शिशु मंदिर में किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ भारत माता एवं हमारे पार्टी के पुरोधाओं के तैलचित्र पर चंदन से वंदन कर, वन्दे मातरम का गायन से आरंभ हुआ।

सदस्यता कार्यशाला के लिए प्रस्तावना भाषण मंडल अध्यक्ष पिलेश्वर पटेल प्रस्तुत किया गया। उक्त कार्यशाला के मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित सदस्यता अभियान मंडल प्रभारी अल्का नरेश चंद्राकर (जिला पंचायत सदस्य), निर्वतमान सांसद चुन्नीलाल साहू, पूर्व विधायक खल्लारी प्रीतम दीवान, महासमुंद जिला पंचायत अध्यक्षा उषा पटेल, विधानसभा संयोजक प्रेम शंकर पटेल आदि ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन महापर्व के संबंध में बहुत ही विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

सदस्यता अभियान के महत्व के बारे में समझाते हुए कहा कि राष्ट्रीय संगठन द्वारा इस बार 2014 के बाद पूरे 10 वर्ष बाद सदस्यता अभियान प्रारंभ होने जा रहा, जो 2 सितंबर 2024 को विश्व के सबसे लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा द्वारा भारतीय जनता पार्टी के प्रथम सदस्य के रुप में सदस्यता दिलाने के बाद पूरे भारत में सदस्यता अभियान महापर्व का शुभारंभ हो जाएगा। जिसमें हम सभी को भी पूरी तन्मयता के साथ इस महापर्व को सफल बनाने के लिए भाजपा परिवार में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने का प्रयास करना है। सदस्यता अभियान 2024 हेतु मंडल सदस्य प्रभारी के लिए मोनिका साहू, चिंताराम साहू, कमलेश कुमार टांडेय और हरीश दीवान को प्रभार दिया गया। कार्यशाला का आभार मंडल उपाध्यक्ष चिंताराम साहू ने किया।

कार्यशाला में मंडल महामंत्री मयाराम साहू, कोषाध्यक्ष सुरेश अग्रवाल, रामखिलावन साहू, वनी साहू, खिलेश्वरी साहू, संजय मालवे, रवि फरोदिया, कमलेश कुमार टांडेय, राजेश ठाकुर, धनन्जय साहू, कौशल साहू, दुलेंद्र साहू, कन्हैया नायक, ओमप्रकाश देवांगन आदि मौजूद रहे। कार्यशाला का संचालन अजजा मोर्चा मंडल महामंत्री हरीश दीवान ने किया।



# मनवा कुर्मी समाज ने किया कैबिनेट मंत्री का स्वागत

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज नगर इकाई महासमुंद के समाजजनों ने कैबिनेट मंत्री छग शासन टंकराम वर्मा का महासमुंद प्रवास पर कचहरी चौक में स्वागत किया। कार्यक्रम में नगर इकाई अध्यक्ष उत्तम वर्मा, महिला अध्यक्ष पानू वर्मा, सचिव ललित वर्मा, कोषाध्यक्ष प्रदीप वर्मा, मीना वर्मा, रामदयाल वर्मा, डीपी वर्मा, बलदाऊ प्रसाद, भगवती वर्मा, शांतनु वर्मा, भुवन, ललित, जीवन वर्मा, राजेंद्र वर्मा सहित समाज के सदस्य सम्मिलित हुए।



## बलौदा में भाजपा सदस्यता अभियान को लेकर हुई बैठक

**महासमुंद।** भारतीय जनता पार्टी बलौदा में सदस्यता अभियान को लेकर बैठक हुई। बैठक में त्रिलोचन पटेल पूर्व विधायक सरायपाली, प्रदीप साहू मंडल अध्यक्ष बालोद, मंत्री प्रधान पूर्व मंडल अध्यक्ष बलौदा, विजय प्रधान पूर्व जिला उपाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा, उद्धव नंद जिला उपाध्यक्ष अजा मोर्चा, नीलांबर तांडी जिला महामंत्री अजा, उपेंद्र साहू मंडल महामंत्री बलौदा, नरेश तिवारी मंडल कोषाध्यक्ष, शारदा तिवारी महिला मोर्च अध्यक्ष, नेपाल बीसी, उमाकांत मिश्रा, सेजू मेहता, डॉ नरेश प्रधान, प्रसन्न प्रधान, मनोरंजन साहू, पीतांबर साव, सुरेश साहू, संतोष सोनवानी, विजय चौधरी, चंद्रहास प्रधान, विजय प्रधान, गोवर्धन नायक, गिरीश साहू, झसकेतन मेहेर, शंकर मेहेर, संजय यादव, अमिन लाल, प्रताप जाल, मधुमंगल जाल, निरंजन कठार, देवानंद पटेल, सोहित सिदार आदि उपस्थित थे। उक्तशय की जानकारी भाजपा मंडल बलौदा नीलांबर तांडी ने दी है।

# किराना दुकान से नकदी रकम की चोरी, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम तोरेसिंहा के एक किराना दुकान से 30 हजार रुपए नगद की चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। सरायपाली पुलिस दुकान संचालक की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर पुलिस विवेचना कर रही थी।

पुलिस को ग्राम तोरेसिंहा के रामबहादुर प्रजापति पिता जगजीवन प्रजापति ने रिपोर्ट में बताया कि तोरेसिंहा चौंक में किराना दुकान, हार्डवेयर दुकान और चाय नास्ता का होटल है। 26 अगस्त की रात्रि को 8 बजे दुकान बंद कर घर चला गया था। 27 अगस्त की सुबह 7 बजे दुकान खोलकर तो देखा कि मेरे किराना दुकान के गल्ले में रखे 10000 रुपए और पेटी में रखा 20000 रुपए नहीं थे। किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा रात में दुकान के रोशनदान की ओर से प्रवेश कर गल्ले एवं पेटी में रखे 30000 रुपए को चोरी कर लिया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 331(4), 305 बीएनएस का अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया।

विवेचना के दौरान पुलिस की टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम तोरेसिंहा के इंद्रजीत शराब के नशे में अपने दोस्तों को कह रहा था कि मैने रामबहादुर प्रजापति के किराना दुकान में चोरी किया है। पुलिस टीम के द्वारा मुखबिर के निशानदेही मौका पर जाकर घेराबंदी कर एक युवक को पकड़ा। जिसने अपना नाम इंद्रजीत भोई पिता सोमनाथ भोई (21 वर्ष) तोरेसिंहा का निवासी होना बताया। पुलिस टीम के द्वारा पूछताछ करने पर उक्त दुकान में चोरी करना बताया। चोरी की 30000 रुपए में से 25000 रुपए को खाने पीने एवं अन्य में खर्च करना तथा 5000 रुपए को घर में छिपाकर रखना बताया। मामले पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 5000 रुपए जब्त किया है और आरोपी को न्यायिक रिमांड में भेजा गया।

# पंचायत की मीटिंग में महिला सरपंच को जान से मारने की धमकी

**महासमुंद।** पंचायत मीटिंग के दौरान महिला सरपंच के साथ गाली-गलौज करने और जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट पर कोमाखान थाने में 6 लोगों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। ग्राम पंचायत घोयनाबाहरा की महिला सरपंच सविता ठाकुर पति युवराज ठाकुर (30 साल) निवासी ग्राम भालुचुंवा के साथ मीटिंग के दौरान कुछ लोगों द्वारा गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने के मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया कि 25 अगस्त को मीटिंग के दौरान ग्राम घोयनाबाहरा के भुनेश्वर ठाकुर, नीलकंठ ठाकुर, तूफान ठाकुर, परमानंद साहू, भूपेन्द्र साहू, श्रवण ठाकुर के द्वारा शराब के नशे मे जान से मारने की धमकी देते हुए अश्लील गाली गलौच किया गया। पुलिस ने सरपंच की रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 191(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# शराब एवं महुआ जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सरायपाली थाना पुलिस ने अवैध शराब के साथ दो लोगों को पकड़ा है। पुलिस ने बताया है कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि बैधपाली साप्ताहिक बाजार की ओर एक व्यक्ति एक मटमैला कलर के बैग में अवैध रूप से शराब रखकर पैदल जा रहा है। मुखबीर के बताए जगह पर पहुंच कर घेराबंदी कर उक्त व्यक्ति को पकड़ा गया। पूछताछ में उसने अपना नाम लकेश्वर निषाद पिता परस राम निषाद (26 साल) लिमऊगुड़ा निवासी होना बताया जिसके पास रखे एक मटमैला कलर के बैग के अंदर 10 नग देशी प्लेन शराब कीमत 1000 रुपए को जब्त कर आरोपी के खिलाफ धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। वहीं राहुल नंद पिता विपिन नंद (24 वर्ष) ग्राम अर्जुंडा निवासी के कब्जे से महुआ शराब 7 लीटर कीमत 1400 रुपए को जब्त कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत पुलिस रिमांड पर जेल भेजा गया है।

# ट्रकों से जैक चोरी करने वाला आरोपी

**महासमुंद।** खड़ी ट्रकों से जैक चोरी के मामले मामले में महासमुंद पुलिस आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थी इरफान खान पिता अब्दुल रहमान खान निवासी लभराकला, महासमुंद ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि मेरे दोस्त चंद्रकांत चंद्राकर के 3 ट्रक है जो मेरे होटल के पास पेट्रोल पंप है उसकी पार्किंग में तीनों ट्रक खड़े रहते हैं, जिसका देखरेख मेरे द्वारा किया जाता है। जिसमें से 2 ट्रकों में रखे 3 जैक कीमत 9000 रुपए को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना महासमुंद में धारा 303(2) बीएनएस का कायम कर विवेचना में लिया गया था।



विवेचना के दौरान पुलिस की टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि एक- दो दिनों से भारत पेट्रोल पंप के पास संदेहजनक स्थिति में एक व्यक्ति घूम रहा है।

पुलिस टीम के द्वारा मुखबिर की निशानदेही पर घेराबंदी कर 1 व्यक्ति को पकडा, जिससे नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम टेकराम बिपरे पिता स्व. तुकाराम बिपरे (36 वर्ष) ग्राम खुटेरी का निवासी होना बताया। पुलिस टीम के द्वारा पूछताछ करने पर 3 नग जैक को चोरी करना बताया। आरोपी के कब्जे से 3 नग लोहे का जैक कीमती 9000 जब्त कर थाना महासमुंद में अपराध धारा 303(2) बीएनएस के तहत कार्रवाई कर न्यायिक रिमांड में भेजा गया।

# शराब एवं महुआ जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सरायपाली थाना पुलिस ने अवैध शराब के साथ दो लोगों को पकड़ा है। पुलिस ने बताया है कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि बैधपाली साप्ताहिक बाजार की ओर एक व्यक्ति एक मटमैला कलर के बैग में अवैध रूप से शराब रखकर पैदल जा रहा है। मुखबीर के बताए जगह पर पहुंच कर घेराबंदी कर उक्त व्यक्ति को पकड़ा गया। पूछताछ में उसने अपना नाम लकेश्वर निषाद पिता परस राम निषाद (26 साल) लिमऊगुड़ा निवासी होना बताया जिसके पास रखे एक मटमैला कलर के बैग के अंदर 10 नग देशी प्लेन शराब कीमत 1000 रुपए को जब्त कर आरोपी के खिलाफ धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। वहीं राहुल नंद पिता विपिन नंद (24 वर्ष) ग्राम अर्जुंडा निवासी के कब्जे से महुआ शराब 7 लीटर कीमत 1400 रुपए को जब्त कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत पुलिस रिमांड पर जेल भेजा गया है।

# विद्युत आपूर्ति बाधित होने पर कार्यपालन अभियंता से मारपीट

**महासमुंद।** विद्युत आपूर्ति बाधित होने पर बुधवार देर रात विद्युत वितरण कंपनी के कार्यपालन अभियंता की कुछ लोगों ने कार्यालय पहुंचकर पिटाई कर दी। मामले में अभियंता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर जांच में लिया है। छग राज्य विद्युत वितरण विभाग के कार्यपालन अभियंता एसपी जायसवाल ने पुलिस को बताया कि 28 अगस्त की सुबह 11 से शाम 5 बजे तक मेन्टनेन्स कार्य के लिए हेतु 220 केवी परसवानी उपकेंद्र से सप्लाई हेतु तुमगांव, बिरकोनी, सिरपुर इलाके की विद्युत आपूर्ति बाधित की गई थी। अफसर ने पुलिस को बताया कि 5 बजे सप्लाई चालू करने के पश्चात करीब 8 बजे पानी एवं लाइटिंग के कारण आपूर्ति बाधित होने के कारण मैं अपने सहायक अभियंता पीआर वर्मा के साथ लाइन चालू कराने गया हुआ था। इसी बीच सिरपुर इलाके से बाबा ठाकुर नामक व्यक्ति के द्वारा फोन कर सप्लाई संबंधी जानकारी चाही गई। मेरे द्वारा बताया गया कि सुबह 11 बजे से 220 KV उपकेंद्र में अति आवश्यक कार्य के कारण से मेन्टेनेंस कार्य किया जा रहा था एवं सप्लाई 5 बजे चालू कर दी गई। लेकिन, पुनः पानी एवं बिजली कड़कने के कारण पुनः लाइन बंद हो गई है। जिसे चालू करा रहे है। इस दौरान सिरपुर इलाके से राजेश ठाकुर उर्फ बाबा ठाकुर ने विद्युत आपुर्ति बंद क्यों किए हैं कहकर मुझे ऑफिस पहुंचने को कहा। रात करीब साढ़े 10 बजे मुख्यालय बीटीआई रोड ऑफिस में कार्य कर रहा था। इसी दौरान राजेश ठाकुर उर्फ बाबा ठाकुर अपने कुछ साथियों के साथ पहुंचा और गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। पुलिस ने कार्यपालन अभियंता की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ धारा 221, 296,121(1),132, 3(5) के तहत जुर्म दर्ज कर जांच में लिया है।

## आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने की धमकी देकर 5 लाख की वसूली, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

वीडियो कॉल कर आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने की धमकी देकर 5 लाख रुपए की ठगी करने वाला अंतरराज्यीय आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने बताया कि 20 अगस्त को प्रार्थी द्वारा चौकी भंवरपुर थाना बसना जिला महासमुंद में मोबाइल धारक मलकीत सिंह तथा उनके अन्य साथियों द्वारा वीडियो कॉल कर अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी देकर 5,02,100 रुपए की ठगी किए जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिस पर आरोपी के खिलाफ अपराध धारा 308(2) बीएनएस का कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना दौरान तकनीकी सहायता से आरोपी मलकीत सिंह पिता भजन सिंह (27 वर्ष) ग्राम आलम के थाना सदर जलालाबाद जिला फाजिल्का (पंजाब) से पूछताछ करने पर उसने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर अपराध करना स्वीकार किया है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। इधर जिला पुलिस महासमुंद ने सभी से अपील की है कि अज्ञात नंबरों से वीडियो कॉल आने पर सावधानी बरते, इस प्रकार की ठगी से बचे। किसी भी प्रकार की साइबर ठगी होने पर नजदीकी थाना एवं सायबर टोल फ्री नम्बर 1930 पर शिकायत दर्ज कराए।

## आबकारी टीम की नाकाबंदी में 15 लीटर महुआ शराब तथा 1 दोपहिया वाहन जब्त

**महासमुंद।** अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई के क्रम में आबकारी टीम ने बुधवार को मुखबिर सूचना के आधार पर आबकारी वृत्त सांकरा अंतर्गत शंकरपुर से इंदरपुर मुख्य मार्ग में नाकाबंदी कर बिना नम्बर प्लेट वाली दोपहिया हीरो सुपर स्प्लेंडर से परिवहन करते आरोपी लेकरू नंद, राजेश नंद साकिन शंकरपुर, थाना सांकरा के कब्जे से अवैध हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब 15 लीटर बाजार मूल्य 3000 रुपए एवं 1 वाहन बाजार मूल्य 45000 रुपए को जब्त किया गया तथा धारा 34(1)(क), 34(2) एवं 59(क) आबकारी एक्ट के तहत विधिवत प्रकरण कायम कर आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कराए जाने की कार्यवाही की गई। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार जिले में आबकारी टीम द्वारा की गई उक्त कार्रवाई में आबकारी वृत्त सांकरा के प्रभारी अनिल कुमार झारिया, आबकारी उपनिरीक्षक के नेतृत्व में की गई। कार्यवाही के दौरान आबकारी स्टॉफ सांकरा एवं पिथौरा उपस्थित रहे।

## पेज 9 का शेष

### सवा करोड़ की ...

का भाग पूरी तरह अलग हो गया है, जिससे भरभराकर गिरने की आशंका बनी रहती है। खिड़की-दरवाजे दीवाल से अलग होकर टूटने लगे हैं, जिसके चलते अब तक इस भवन का हैंड ओव्हर नहीं किया जा सका है। हालांकि, शिकायत के बाद अपर कलेक्टर ने 20 बिंदुओं पर जांच के आदेश दिए हैं। अभी यहां पर कक्षाएं संचालित नहीं किया जा रहा है।

### पर्सनल आईडी....

ग्राहकों से ज्यादा पैसे लेकर टिकट बनाकर देने लगा। रेलवे साइबर सेल की टीम ने सुनील कुमार देवांगन के पर्सनल आईडी पर नजर रखना शुरू कर दिया था। और बुधवार की सुबह सरायपाली बस स्टैंड के पास स्थित देवांगन च्वाइस सेंटर पहुंचकर पहले एक टिकट बुक कराई। जिसके बाद संचालक सुनील कुमार देवांगन को पकड़ लिया।

### कांग्रेसियों ने जलाया ...

पुतला दहन कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष डॉ. रश्मि चंद्राकर, पूर्व विधायक एवं संसदीय सचिव विनोद चंद्राकर, पूर्व जिलाध्यक्ष व पूर्व बोर्ड उपाध्यक्ष आलोक चंद्राकर, जिला प्रभारी महामंत्री सुनील शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष ढेलू निषाद, नगर पालिकाध्यक्ष राशि महिलांग, वरिष्ठ कांग्रेस नेता दाऊलाल चंद्राकर, प्रभारी मंत्री शहर कांग्रेस गुरमीत चावला, पूर्व पर्यटन मंडल सदस्य अंकित बागबाहरा, पूर्व मंडी अध्यक्ष हीरा बंजारे, राजेंद्र चंद्राकर, सचिन गायकवाड़, ममता चंद्राकर, सुनील चंद्राकर, जावेद चौहान, टोमन सिंह कागजी, अक्षय साकरकर, नितेंद्र बैनर्जी, अनुराग चंद्राकर, गोपी पाटकर, सन्नी महानंद, राजू यादव, कृषलाल साहू, युवराज साहू, सागर डोंगरे, नीरज चंद्राकर, यश चंद्राकर, तुषार साहू समेत अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए।

### मोबाइल नहीं...

माध्यम से घर- घर जाकर सर्वे काम सौंपा गया है। 10 हजार मासिक वेतन में 15 से 20 हजार रुपए लागत से मोबाइल खरीद पाना उनके लिए संभव नहीं है। मोबाइल नहीं होने की स्थिति में काम लगातार बाधित हो रहा है। इस दौरान सुधा रात्रे, सुलेखा शर्मा, छाया हिरवानी, अंजू प्रजापति, रागिनी चंद्राकर, सरिता बागडे, लल्ली आर्य, अहिल्या, सुल्ताना, सुनीता चौधरी, शैल, पुष्पा साहू, अंजू चंद्राकर, ललिता रात्रे, रूपा भारती, अंजुला, अन्नपूर्णा चंद्राकर, सुकृति ध्रुव, धनमति बघेल, सायरा खान, हेमलता निषाद आदि शामिल रहे।

## खबर संक्षेप

### अग्निवीर चयनित आवेदकों के लिए निःशुल्क शारीरिक प्रशिक्षण

**महासमुंद।** भारतीय सैन्य बलों में थल सेना में अग्निवीर के पद हेतु लिखित परीक्षा उत्तीर्ण आवेदकों के लिए जिला रोजगार कार्यालय महासमुंद द्वारा निःशुल्क शारीरिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आगामी माह में आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि जिले के ऐसे आवेदक जो निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम का लाभ प्राप्त करना चाहते है वे 09 सितम्बर 2024 तक जिला रोजगार कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

### सरस्वती शिशु मंदिर में अशोक चौरड़िया को दी गई श्रद्धांजलि

**महासमुंद।** स्थानीय भलेसर मार्ग



पर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के संचालन समिति आदर्श शिक्षा मंडल महासमुंद के पूर्व व्यवस्थापक एवं वर्तमान प्रबंधकारिणी सदस्य अशोक चौरड़िया का आकस्मिक निधन हो गया है। समिति के संरक्षक मोहन चोपड़ा, अध्यक्ष राजेश लूनिया, उपाध्यक्ष संध्या शर्मा, सचिव धर्मेंद्र महोबिया, कोषाध्यक्ष महेश मक्कड़, सहसचिव गोवर्धन प्रधान एवं प्रबंधकारिणी सदस्यगण घनश्याम सोनी, भूपेंद्र राठौर, डा. अनिल अग्रवाल, महेश चंद्राकर, डा. विमल चोपड़ा, दुवन चंद्राकर, उत्तरा प्रहरे, भारती गुप्ता, उमेश भारती गोस्वामी एवं समस्त सदस्यगण, विद्यालय के प्राचार्य राजश्री ठाकुर, प्रधानाचार्य कृष्णा चंद्राकर, विद्यालय के समस्त दीदी/आचार्य एवं विद्यालय के समस्त भैया/बहनों द्वारा विद्यालय में दिवंगत आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट की मौन श्रद्धांजलि दी गई।

**जायजा : कॉलेज की उपलब्धियों एवं कार्यों की दी गई जानकारी**

# वल्लभाचार्य महाविद्यालय में नैक पीयर टीम का दो दिवसीय निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद





शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 28 एवं 29 अगस्त को नैक पीयर टीम द्वारा महाविद्यालय के द्वितीय चक्र का मूल्यांकन किया गया। टीम में चेयर पर्सन के रूप में प्रो. एसपी शाही, वाइस चांसलर मगध विश्वविद्यालय बोधगया (बिहार), सदस्य संयोजक प्रो. पीआर शिवशंकर, पूर्व कुलसचिव विक्रम सिम्हापुरी विवि नेल्लोर, (आंध्रप्रदेश) डा. बालासाहेब जाधव प्राचार्य एमएसपी मंडल शिवाजी कॉलेज बसमत रोड परभनी (महाराष्ट्र) उपस्थित थे। द्वितीय चक्र मूल्यांकन के प्रथम दिवस एनसीसी, एनएसएस एवं योग के विद्यार्थियों द्वारा आकर्षक प्रस्तुतियों से उनका स्वागत किया गया। संस्था की प्राचार्य डॉ. अनुसुइया अग्रवाल द्वारा प्राचार्य कक्ष में महाविद्यालय की उपलब्धियों एवं कार्यों की पीपीटी द्वारा प्रस्तुति दी गई। टीम के सदस्यों द्वारा वाणिज्य, हिन्दी एवं राजनीति विज्ञान शोध केंद्र, भूगोल, कम्प्यूटर, लाइब्रेरी, एनएसएस, वनस्पति, पीएससी कक्ष, धरोहर झरोखा, गर्ल्स कामन रूम, अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र, हिंदी, स्टूडेंट कार्नर, राजनीति विज्ञान, अंग्रेजी, इतिहास, स्मृतिवन एवं हर्बल गार्डन, रेडक्रास, कैंटीन, क्रीड़ा विभाग, रसायन, प्राणीशास्त्र, भौतिकशास्त्र, मनोविज्ञान विभाग का निरीक्षण कर विद्यार्थियों से चर्चा की गई। द्वितीय सत्र में विवेकानंद सभागार में विद्यार्थियों से उनके अध्ययन अध्यापन, भविष्य की योजनाओं, कैरियर, रोजगार एवं महाविद्यालय से उनकी अपेक्षाओं पर चर्चा की गई। प्रथम दिवस के भोजन अवकाश सत्र में डा. वेणु गोपाल सहायक संचालक राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (रूसा) रायपुर शासन के प्रतिनिधि के रूप में सम्मिलित हुए। प्रथम दिवस के निरीक्षण का समापन सांस्कृतिक कार्यक्रम द्वारा हुआ। सांस्कृतिक कार्यक्रम में योग विभाग, विज्ञान विभाग, वाणिज्य विभाग एवं एनएसएस पुरूष एवं महिला इकाई द्वारा छत्तीसगढ़ संस्कृति को दर्शाते हुए आकर्षक नृत्य की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम का संचालन बीए अंतिम की छात्रा वर्षा गजेंद्र द्वारा एवं आभार प्रकाशमणी साहू द्वारा किया गया। नैक पीयर टीम द्वारा जनभागीदारी समिति, अलुमनी समिति एवं अभिभावकों से भी चर्चा कर उनसे फीडबैक लिया गया। वहां पर अलुमनी समिति के अध्यक्ष अमृत चोपड़ा, पूर्व अध्यक्ष दाऊलाल चंद्राकर, राजकुमार राठौड़, पारस चोपड़ा, योगेश गंडेचा, देवीचंद राठी, महेंद्र जैन, घनश्याम सोनी, यतींद्र राव, रत्नेश सोनी, राखी ठाकुर, डा. मंजू शर्मा, डा. श्रिया शर्मा, चितेश्वरी साहू, लाल विजय सिंहदेव आदि मौजूद रहे।

### आईक्यूएसी समिति से की चर्चा

द्वितीय दिवस टीम द्वारा आईक्यूएसी समिति से चर्चा की गई। आईक्यूएसी समन्वयक मनीराम धीवर द्वारा पीपीटी के माध्यम से महाविद्यालय के विकास में समिति के योगदान को प्रस्तुत किया गया। समिति में पारस चोपड़ा, लक्ष्मण पटेल, योगेश गंडेचा, चितेश्वरी साहू, वर्षा गजेंद्र, बरखा राठी एवं समस्त विज्ञान, कला, वाणिज्य संकाय, कंप्यूटर के विभागाध्यक्ष एवं क्रीड़ा विभाग, ग्रंथालय के प्रभारी उपस्थित थे। तत्पश्चात कार्यालय के कैशबुक, सर्विस बुक, छात्रवृत्तियों से संबंधित एवं अन्य दस्तावेजों का अवलोकन किया गया। इस सम्पूर्ण निरीक्षण में आईक्यूएसी समन्वयक मनीराम धीवर, नैक समन्वयक डा. नीलम अग्रवाल, डा. सीमारानी प्रधान, आशुतोष पुरी गोस्वामी एवं कार्यालय से मुकेश साहू, मनोज शर्मा, कुंदन देवांगन, केशर कश्यप, राकेश जांगड़े उपस्थित रहे। निरीक्षण का समापन एक्जिट मीटिंग द्वारा हुआ। इस अवधि में महाविद्यालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बच्चों के लिए वरदान बना निःशुल्क कोंचिंग सेंटर



**बसना।** बसना से लगभग 13 किमी की दूर फुलझर अंचल के एक छोटा सा गांव कायतपाली में ग्रामीण स्तर के छात्र-छात्राओं के लिए निःशुल्क कोचिंग सेंटर की सुविधा उपलब्ध है। इसकी पहल डीएसपी व समाज सेवी यदुमणि सिदार ने की है।

इस कार्य को देखकर ग्रामीण भी यथासभंव सहयोग कर रहे हैं। कोचिंग सेंटर में तीसरी, चौथी, पांचवीं तथा मिडिल स्कूल के छात्रों को निःशुल्क नवोदय, प्रयास, एकलव्य तथा सैनिक स्कूलों में जाने के लिए तैयार किया जाता है। समय समय पर विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए छात्रों को निःशुल्क शिक्षा दी जाती है। यहां बच्चों को अच्छी स्मार्ट क्लास की विशेष सुविधा दी जा रही है। टीचरों द्वारा स्मार्ट टीवी के माध्यम बच्चों को पढ़ाई जा रही है। स्मार्ट क्लास के लिए आसपास गांव के अनेक छात्र-छात्राएं सुबह के समय पढ़ने आते है। निःशुल्क स्मार्ट क्लास को देखने व जानने के लिए भूमि बंधु सामाजिक अध्ययन प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान अंबिकापुर की टीम बुधवार को ग्राम कायतपाली पहुंची। टीम ने गांव आते ही कोचिंग सेंटर का जायजा लिया तथा कोचिंग सेंटर में अध्ययनरत छात्रों से भी मिले। बाद प्राथमिक तथा माध्यमिक स्कूल जाकर छात्रों से मुलाकात की। अंबिकापुर संस्थान के प्रमुख कोआर्डिनेटर सविता रथ, एडवोकेट कनक रेखा साहू, मीडिया प्रभारी राजेश गुप्ता ने कोचिंग सेंटर को भेंट स्वरूप ग्लोब एवं विश्व का मानचित्र भेंट किए। कोचिंग सेंटर के इस कार्य को देखकर कोआर्डिनेटर सविता ने कहा कि सुदूर ग्रामीण अंचलों में इस प्रकार से सिदार द्वारा की गई पहल काफी सराहनीय है। इसका लाभ अब आसपास के सभी ग्रामीण बच्चों को मिलेगा और अब गांव के पिछड़े इलाकों के बच्चे भी नवोदय, प्रयास जैसे स्कूलों में अपना परचम लहराएंगे। यहां प्रेरणा लेकर आगे हम अपने संस्थान द्वारा वनांचल क्षेत्र के बच्चों को आगे ला सकेंगे। संस्थान के आए हुए मेहमानों का सफेद गमछा देकर स्वागत सम्मान किया गया। इस अवसर पर मधु सिदार, शिक्षकगण प्रधानपाठक दास, महादेव प्रधान, अगरचंद साव, दुर्वादल साव, ग्रामीण सहयोगी श्रवण सिदार आदि मौजूद रहे।

# पतेरापाली में धूमधाम से मनाई गई जन्माष्टमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

राजीव नगर पतेरापाली में अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के तत्वावधान में कृष्ण जन्माष्टमी पर्व को बड़े उत्साहपूर्वक मनाया गया। कृष्ण जन्मोत्सव कार्यक्रम विशेष पूजा अर्चना के साथ आरंभ हुआ, जो देर रात्रि तक चलता रहा। कृष्ण भगवान से विश्व शांति और सब की समृद्धि की कामना की गई। कई रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम छोटे-छोटे बच्चों द्वारा प्रस्तुत की गई। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रकुमार पटेल, अध्यक्षता नरेंद्र कुमार यादव प्रदेश उपाध्यक्ष अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा, विशिष्ट अतिथि अमरनाथ झा, डॉ. वशिष्ट, राजेंद्र कुमार यादव थे।

राजीव नगर पतेरापाली से संरक्षक रथराम यादव, अध्यक्ष नेपाल यादव, उपाध्यक्ष रेशम यादव, सचिव तरुण यादव, लोचन यादव, गिरधर यादव देवानंद यादव, बिहारी यादव, संजय यादव, जितेंद्र यादव, राजा यादव, बसंत यादव, अजय यादव, भगवानो यादव, जीतो यादव, पन्ना यादव, राधेश्याम यादव एवं पूरे नगरवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

कार्यक्रम का संचालन नारायण यादव ने किया। यह कार्यक्रम पवन कुमार यादव ब्लॉक अध्यक्ष अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के विशेष मार्गदर्शन में हुआ। कार्यक्रम में प्रसाद वितरण और भंडारा का आयोजन हुआ। जिसमें भारी संख्या में सामाजिक जन एवं मातृशक्ति उपस्थित थे।



## नवागांव स्कूल में छात्रों को खिलाई गई एल्बेंडाजोल की गोली



**महासमुंद।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला नवागांव (पटेवा) में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर गांव की मितानिन दीदी देवकी साहू एवं कामाक्षा साहू भी उपस्थित थी। शाला में छात्रों की उपस्थिति 90 थी। सभी छात्र-छात्राओं को एल्बेंडाजोल की दवाई खिलाई गई। इस अवसर पर शाला के प्रधान पाठक अरुण कुमार साहू ने एल्बेंडाजोल दवाई के महत्व को बताया। शिक्षक मेमन कुमार चंद्राकर ने कृमि के दुष्प्रभाव के बारे में विस्तार से चर्चा की। शिक्षक अमर कुमार साहू ने कहा कि हमें कृमि मुक्त होना क्यों आवश्यक है, इस प्रकार शाला के सभी शिक्षकों ने अपना विचार प्रकट किए। कार्यक्रम को सफल बनाने में शाला नायक कुमारी प्रेरणा निर्मलकर, यामिनी सिन्हा, डोमेश्वरी बारिहा, जया पटेल, गीतांजलि, हिना बरिहा, भूमिका, भेखराम, मुकेश यादव, कमलेश ध्रुव, तीरथ साहित्य सभी छात्र-छात्राओं का योगदान रहा।

## शांत्रीबाई महाविद्यालय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय पर सेमिनार का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शांत्रीबाई कला वाणिज्य विज्ञान महाविद्यालय में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के अंतर्गत प्राचार्य डा. सविता चंद्राकर के मार्गदर्शन एवं विज्ञान संकाय के विभागाध्यक्ष नारायण चक्रधारी के निर्देशन में महाविद्यालय के विज्ञान संकाय (बायो एवं कंप्यूटर साइंस) के छात्र-छात्राओं द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय पर सेमीनार का आयोजन किया गया। जिसमें लव साहू, कुमकुम, भूमिका कामड़े, योगिता, काजल, भूमिका चंद्राकर, अभिषेक, जितेंद्र एवं पुष्पेंद्र धृतलहरे द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बारे में उनकी उपयोगिता होने वाली हानि एवं लाभ तथा उनके महत्व के बारे में सेमिनार प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर मेनका चंद्राकर ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का हर क्षेत्र में उपयोग हो रहा है, जिससे हमारा काम आसान होत जा रहा है। नारायण चक्रधारी ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग से हमें लाभ के साथ-साथ हानि भी होती है। वर्तमान में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग से प्रत्येक क्षेत्र चाहे शिक्षा हो, स्वास्थ्य हो, उद्योग हो तेजी से विकास हो रहा है। कार्यक्रम का संचालन अर्पित चंद्राकर एवं आभार प्रदर्शन गीताजंली देवांगन ने किया।




## मवेशी ट्रांसपोर्ट करने वाले ड्राइवर तथा साथियों की हत्या के आरोपियों को मिली जमानत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आरंग थाना क्षेत्र में दो माह पूर्व मवेशी तस्करी के आरोप में पेशे से मवेशी काराबोरी चांद मिया तथा उसके दो अन्य साथियों की महानदी पुल से गिरकर मौत के मामले में गिरफ्तार आरोपियों की अतिरिक्त जिला सत्र न्यायाधीश निधि शर्मा की कोर्ट ने जमानत दे दी है। पुलिस ने मवेशी कारोबारियों की मौत मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार कर पिछले महीने कोर्ट में चालान पेश किया था। इसके बाद नवीन ठाकुर ने बिलासपुर हाईकोर्ट में जमानन आवेदन पेश किया। हाईकोर्ट से एक आरोपी की जमानत स्वीकृत होने के बाद शेष अन्य को निचली अदालत में जमानत मिल गई। मवेशी कारोबारियों की मौत मामले में कोर्ट ने जिन चार लोगों को जमानत दी है, उनमें तनय लुनिया, राजा अग्रवाल, मयंक शर्मा तथा हर्ष मिश्रा के नाम शामिल हैं। कोर्ट ने चारों को मंगलवार को जमानत दे दी थी, बाद कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद तनय तथा उसके अन्य साथी बुधवार को जेल से रिहा किए गए। जमानत मिलने के बाद हिंदू संगठन से जुड़े लोगों ने तनय तथा उसके अन्य साथियों का स्वागत करते हुए बैजनाथ मंदिर लेकर पहुंचे।

### बाइक टकराने के विवाद पर छात्र पर चाकू से हमला



**रायपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र में मंगलवार को बाइक टकराने के विवाद पर कोचिंग से लौट रहे छात्र पर बदमाशों ने चाकू से हमला कर दिया। घटना में शामिल एक बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक सीए की पढ़ाई कर रहा छात्र उत्तम द्विवेदी कोचिंग से लौट रहा था। इसी दौरान बूढ़ापारा बिजली ऑफिस चौक के पास उत्तम की बाइक की एक अन्य बाइक से टक्कर हो गई। इस बात को लेकर बाइक सवार युवक ने उत्तम के साथ गाली-गलौज करते हुए उस पर चाकू से हमला कर दिया और मौके से फरार हो गया।

### साढ़े तीन लाख की चोरी, आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** मौदहापारा थाना क्षेत्र स्थित जयराम कांपलेक्स में संचालित एक ऑफिस में कैश सहित साढ़े तीन लाख रुपए के कम्प्यूटर, प्रिंटर तथा मोबाइल चोरी के आरोप में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक साइबर एक्सपर्ट और जैन साफ्टवेयर फाउंडेशन का डायरेक्टर सोहेल खान की शिकायत पर पुलिस ने गुढ़ियारी निवासी गणेश वर्मा को गिरफ्तार किया है।
गणेश ने रविवार-सोमवार की दरमियानी रात चोरी की घटना को अंजाम दिया था।

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर आत्मानंद इंग्लिश स्कूल में विविध आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद




स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल नयापारा में राष्ट्रीय खेल दिवस पर प्राचार्य अमी रूफस के मार्गदर्शन में संस्था के व्यायाम शिक्षक तृषा शर्मा द्वारा छात्रों के मध्य खेल प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। जिसमें वॉलीबाल, शंखली, म्यूजिकल चेयर गेम, खो-खो प्रतियोगिता हुई। वॉलीबाल में महानदी सदन, शंखली में अरपा सदन, म्यूजिक चेयर और खो-खो स्पर्धा में शिवनाथ सदन विजेता रहे। कार्यक्रम में संस्था के शिक्षक रौनक अग्रवाल, मितेश शर्मा, प्रखर साहू, आकांक्षा भोई, विकास यादव, शशबीर कौर संधु, अंजलि कहार, आकांक्षा जैन, अंशुमाला बारिक, ऋतुराज देवांगन, प्रियंका पीटर, पूर्णिमा चंद्राकर, राधिका जोशी, मदन कौशिक, मोहन, झम्मन आदि का सहयोग रहा। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी प्रमोद कुमार कन्नौजे ने दी है।

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

COMPREHENSIVE BLOOD & CANCER CENTER
CBCC
YOUR ANSWER FOR CANCER
संजीवनी CBCC USA
कैंसर हॉस्पिटल, रायपुर
में अनुभवी कैंसर रोग विशेषज्ञ की सेवा
अब बसना में
31 अगस्त शनिवार
सुबह 11 से दोपहर 01 बजे
अग्रवाल नर्सिंग होम
बसना, जिला - महासमुंद (छ.ग.)
77730 86100 | 9039645760 | 9300255751
कैंसर का श्रेष्ठ इलाज अब बसना में
कैंसर रोग विशेषज्ञ
डॉ रमेश कोठारी
कैंसर के 6 लक्षण जिनके बारे में आपको जानकारी होनी चाहिए।
मुँह या जीभ में घाव या छालों का बहुत दिनों तक ठीक ना होना।
मल त्यागने या मूत्राशय की आदत में बदलाव या खून आना।
स्तन या शरीर के किसी भी हिस्से में गाँठ होना।
बदहज़मी और निगलने में समस्या होना।
खांसी आना या गला बैठ जाना।
घाव न भरना।
संजीवनी CBCC USA कैंसर हॉस्पिटल
जैन मंदिर के सामने, दावड़ा कॉलोनी, पंचपेड़ी नाका, रायपुर (छ.ग)- 492001
अन्य केंद्र: अहमदाबाद | अगरतला | चेन्नई | इंदौर | नवसारी | रायपुर | त्रिची | उज्जैन

# माओवाद प्रभावित जिलों के विद्यार्थियों को शिक्षा के लिए मिलेगा ब्याजरहित ऋण

## कमजोर आर्थिक स्थिति वाले विद्यार्थियों को मिलेंगे तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा के बेहतर अवसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ के माओवादी आतंक से प्रभावित जिलों में कमजोर आर्थिक स्थिति वाले परिवारों के बच्चों को तकनीकी एवं व्यावसायिक उच्च शिक्षा के बेहतर अवसर दिलाने के लिए ब्याज मुक्त ऋण दिया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इन जिलों में अधिक से अधिक विद्यार्थियों को मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा ऋण ब्याज अनुदान योजना के तहत लाभान्वित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने इसके लिए विशेष अभियान चलाने कहा है। मुख्यमंत्री साय ने राज्य के अन्य जिलों के कलेक्टरों को भी कमजोर आर्थिक स्थिति वाले परिवारों के बच्चों को भी तकनीकी एवं व्यावसायिक उच्च शिक्षा के लिए एक प्रतिशत के ब्याज दर पर दी जा रही ऋण सुविधा का लाभ दिलाने के निर्देश भी दिए हैं। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा ऋण ब्याज अनुदान योजना के संचालन के लिए तकनीकी शिक्षा विभाग को नोडल विभाग बनाया गया है। इस योजना के अंतर्गत डिप्लोमा, स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर के 35 तकनीकी एवं अन्य व्यावसायिक पाठ्यक्रमों को शामिल किया गया है। योजना में ब्याज अनुदान के लिए शिक्षा ऋण की अधिकतम सीमा रुपए 4 लाख निर्धारित है। मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा ऋण ब्याज अनुदान योजना के तहत तकनीकी शिक्षा एवं अन्य व्यावसायिक शिक्षा पाठ्यक्रमों में प्रवेशित ऐसे छात्रों को, जिनके परिवारों की वार्षिक आय 2 लाख से कम है, उनको मोरेटोरियम अवधि के पश्चात ऋण किश्तों के नियमित भुगतान की स्थिति में केवल एक प्रतिशत की दर से ब्याज देय होगा। शेष ब्याज की राशि का भुगतान राज्य शासन द्वारा सीधे संबंधित बैंक को किया जाएगा।



राज्य के माओवादी आतंक प्रभावित जिले बस्तर, बीजापुर, दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा, जशपुर, उत्तर बस्तर कांकेर, कोरिया, नारायणपुर, राजनांदगांव, सरगुजा, धमतरी, महासमुंद, गरियाबंद, बालोद, सुकमा, कोंडागांव एवं बलरामपुर जिले के छात्रों को ब्याज मुक्त ऋण मिलेगा। इस योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए निर्धारित शर्तों में छात्र को छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना चाहिए। छत्तीसगढ़ राज्य में स्थापित तथा सक्षम प्राधिकारी (यथा एआईसीटीई, यूजीसी) मान्यता प्राप्त पाठ्यक्रम प्रवेशित हो। अधिकतम पारिवारिक आय रुपए 2 लाख होनी चाहिए, जो कि सक्षम अधिकारी द्वारा जारी आय प्रमाण-पत्र द्वारा प्रमाणित होनी चाहिए। योजना के अंतर्गत ब्याज अनुदान के लिए शिक्षा ऋण की अधिकतम सीमा 4 लाख रुपए है। ब्याज अनुदान का लाभ लेने के लिए नियमित रूप से ऋण किश्तों का भुगतान अनिवार्य है। ड्राप ऑउट एवं निष्कासित छात्र इस योजना के लाभार्थी नहीं बने रहेंगे किन्तु चिकित्सीय कारणों से एक वर्ष की अधिकतम सीमा तक अध्ययन में रूकावट होने की दशा में पात्रता बनी रहेगी।

योजना के अंतर्गत बीई/बीटेक, एमई, एम टेक, डी आर्क, एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग, एमसीए, एमबीए, डीई, बीपीएड, एमपीएड, पीजीडीसीए, बीएचएमएस, बीएएमएस, बीएनवाईएस, बीएनएस, बीयूएमएस, वीएफएससी, बी.टेक डेयरी, बी एग्री, बीडीएस, एमडीएस, एमबीबीएस, बीव्हीएससी, बीएससी नर्सिंग बेसिक तथा पोस्ट बेसिक, बी फार्मा, एम फार्मा, डी फार्मा, डिप्लोमा इन मॉर्डन आफिस मैनेजमेंट, डिप्लोमा इन इंटीरियर डेकोरेशन एंड डिजाइन, डिप्लोमा इस कास्टयूम डिजाईन एंड ड्रेस मेकिंग, बीएड, डीएड, एमएड के पाठ्यक्रमों में अध्ययन के लिए योजना का लाभ लिया जा सकता है।

## खबर संक्षेप




### तुमगांव में नई स्काई लिफ्ट मशीन की खरीदी

**महासमुंद।** नगर पंचायत तुमगांव के अध्यक्ष राकेश चंद्राकर, उपाध्यक्ष पप्पू पटेल, मुख्य नगरपालिका अधिकारी ख़रिसागर नायक व सभी जनप्रतिनिधियों के प्रयास से वार्डों के विद्युत पोलों में लाइट लगाने व रिपेयरिंग करने के लिए नई आधुनिक तकनीक से बने स्काई लिप्ट मशीन क्रय किया गया है। अब विद्युत पोलों में नई लाइट लगाने व तकनीकी खराबी होने पर सीढ़ी के बदले इस नई स्काई लिफ्ट मशीन का उपयोग किया जाएगा। यह जानकारी पार्षद धर्मेंद्र यादव ने दी है।

### हरतालिका तीजा उद्यापन 6 को

**महासमुंद।** स्थानीय मां महामाया मंदिर द्वारा तीजा हरतालिका व्रत का सामूहिक उद्यापन कार्यक्रम 6 एवं 7 सितंबर को महामाया मंदिर प्रांगण में रखा गया है। जानकारी देते हुए पं. रोशन शर्मा, कमलेश चंद्राकर, खोरबाहरा राम साहू ने बताया कि पं. पंकज तिवारी के सानिध्य में उद्यापन कार्यक्रम होगा। जिसमें 6 सितंबर को रात्रि चारों पहर की पूजा व जागरण, 7 सितंबर को सुबह हवन, ब्राह्मण भोजन एवं उद्यापन पारण होगा। उद्यापन करने के इच्छुक श्रद्धालु महामाया मंदिर से संपर्क कर सकते हैं।

### पार्थिव शिवलिंग रुद्राभिषेक 1 को

**महासमुंद।** एफसीआई रोड स्थित ब्राह्मण समाज भवन में मासशिवरात्रि के अवसर पर राष्ट्रोत्थान के लिए 1 सितंबर रविवार की सुबह 9 बजे विप्र दंपतियों द्वारा एकादश सहस्त्र पार्थिव शिवलिंग रुद्राभिषेक किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए छत्तीसगढ़ ब्राह्मण समाज महासमुंद के अध्यक्ष प्रमोद तिवारी ने समस्त विप्रजनों से धोती कुर्ता व महिलाओं से पीली साड़ी परिधान में पहुंचने का अनुरोध किया है।



### खरोरा में चलाया गया स्वच्छता अभियान

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के ज्ञान गंगा विद्यालय में भारत देश के हाकी के खिलाड़ी एवं हाकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें ज्ञान गंगा विद्यालय के शिक्षक नीलम कोसरे, माधुरी पटेल, लता चंद्राकर, हर्षा यादव एवं विद्यार्थियों संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि मेजर ध्यानचंद की जयंती को राष्ट्रीय खेल दिवस के तौर पर मनाया जाता है।



### हाईस्कूल उमरदा में मनाया संस्कृत सप्ताह

**महासमुंद।** शासकीय हाई स्कूल उमरदा में संस्कृत सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें निबंध लेखन, श्लोक उच्चारण, सूक्ति वाचन, संस्कृत गीत, संस्कृत में वार्तालाप, प्रश्नोत्तरी, वाद विवाद, संस्कृत कवियों की चित्रकला एवं उनकी रचनाओं पर चर्चा, वदतू संस्कृत भाषा, जयतु संस्कृत भाषा के स्वर के साथ रैली का आयोजन किया गया। संस्कृत सप्ताह के समापन अवसर पर प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत भी किया गया। इस अवसर पर शिक्षकों द्वारा संस्कृत की महत्ता पर व्याख्यान दिया गया। जिसमें व्याख्याता दिनेश चंद्राकर, सोनी चंद्राकर, शोभा गुप्ता, चंद्रकला साहू, धर्मराज चंद्राकर ने अपने विचार प्रकट किए। संस्था के प्राचार्य पूनम कुमार चंद्राकर ने बताया कि संस्कृत सभी भाषाओं की जननी है और उनकी महत्ता हमारे जीवन में है।

## पहल : पशुओं के मुख्य मार्ग पर पाए जाने पर लगाई जा रही है पेनाल्टी


# आवारा पशुओं को मुख्य मार्ग से हटाने की कार्रवाई की जा रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कलेक्टर विनय लंगेह के निर्देश पर आवारा

- कलेक्टर के निर्देश पर जनपद और नगरीय निकायों में अब तक 12 हजार रुपए से अधिक की पेनाल्टी लगाई गई

पशुओं को सड़क से हटाने की कार्रवाई नगरीय निकायों और जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत पंचायतों द्वारा लगातार किया जा रहा है। पशुओं में रेडियम बेल्ट भी लगाए जा रहे हैं। पशु मालिकों को पहले समझाइश दी जा रही है, लेकिन समझाइश के पश्चात भी खुले में छोड़ने या मुख्य मार्ग पर विचरण करते पाए जाने पर पेनाल्टी भी लगाई जा रही है। बसना, सरायपाली, बागबाहरा, पिथौरा एवं महासमुंद नगरीय निकायों एवं जनपद पंचायत क्षेत्रों में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देश पर कार्रवाई संबंधित सीएमओ एवं सीईओ द्वारा की जा रही है।



जानकारी के अनुसार नगरीय एवं जनपद क्षेत्र महासमुंद अंतर्गत 2200 रुपए, इसी तरह बसना में 3400 रुपए, बागबाहरा में 2200 रुपए, पिथौरा में 1400 रुपए एवं सरायपाली में 3150 रुपए का पेनाल्टी लगाया गया है। इस तरह कुल 12350 रुपए का पेनाल्टी काटा गया। ज्ञात है कि कलेक्टर ने सड़क पर बैठे आवारा पशुओं को हटाने के निर्देश दिए थे। उन्होंने विगत दिनों समय सीमा की बैठक में भी उक्त निर्देश का कड़ाई से पालन करने कहा था। जिसका असर दिखाई दे रहा है, पशु मालिकों को भी समझाइश दी जा रही है और आवारा पशुओं को मुख्य सड़क से हटाया जा रहा है। साथ ही कांजी हाउस में भी रखा जा रहा है।

कलेक्टर ने विगत समय सीमा की बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग और सड़कों पर मवेशियों के जमवाड़ा को रोकने के लिए ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकायों को जिम्मेदारी दिए थे। राष्ट्रीय राजमार्ग से गुजरने वाले ग्राम पंचायतों के द्वारा नामजद ड्यूटी लगाकर पेट्रोलिंग करने भी कहा गया था। मवेशियों के सड़क में रहने के कारण दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। हाईकोर्ट के निर्देशानुसार ग्राम पंचायत और नगरीय निकायों की जिम्मेदारी तय की गयी है, इसे गंभीरता से लेते हुए पेट्रोलिंग सुनिश्चित करने कहा गया था। साथ ही उन्होंने कहा कि आवारा घूम रहे मवेशियों पर रेडियम और पट्टी लगाया जाए। ताकि, उनके मालिकों को भी संज्ञान में लेकर उनसे जानकारी ली जाए। लंगेह ने कहा कि ऐसे मामले में जनप्रतिनिधियों की भी सहभागिता सुनिश्चित हो।



## स्कूली छात्रों को खिलाई जा रही कृमिनाशक दवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत खंड चिकित्सा अधिकारी बागबाहरा डॉ बीएस बढ़ई के मार्गदर्शन में आयुष्मान आरोग्य मंदिर नर्रा के अंतर्गत 01 से 19 वर्ष के सभी बच्चों को एल्बेंडाजोल की दवा खिलाई जा रही है। आयुष्मान आरोग्य मंदिर नर्रा में पदस्थ आरएचओ डिगेंद्र परमार ने बताया कि कृमिनाशक दवा बच्चों को छः माह में एक बार खिलाया जाता है। 29 अगस्त को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर 01 वर्ष से 19 वर्ष के बच्चों को कृमिनाशक दवा एल्बेंडाजोल खिलाई जा रही है। 4 सितंबर को मॉपअप दिवस के दिन छूटे हुए बच्चों को कृमिनाशक दवा खिलाई जाएगी। इस कार्यक्रम में आरएचओ डिलेश्वरी परमार, शासकीय कुलदीप निगम हायर सेकंडरी स्कूल नर्रा के प्राचार्य सुबोध तिवारी, व्याख्याता दुर्गेश चंद्राकर, शापूमाशा नर्रा के प्राचार्य खगेश्वर प्रसाद सहनी एवं सभी शिक्षक उपस्थित रहे।



## छुईहा व तुपकबोरा में रामायण पाठ व हांडी फोड़ का आयोजन

**तेंदूकोना।** क्षेत्रों में जन्माष्टमी पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। ग्राम पंचायत छुईहा व तुपकबोरा में रामायण पाठ व हांडी फोड़ का कार्यक्रम रखा गया। जिसमें प्रमुख रूप से आदिवासी युवा नेता हरीश दीवान, हेमंत सिन्हा बसुलाडबरी सरपंच, डॉ. तेजन चक्रधारी, किशन दीवान सोनदादर ग्राम गौंटिया, कोमल साहू युवा भाजपा नेता, पंचराम चक्रधारी, चोवेंद्र दल, दीपक चक्रधारी, प्यारेलाल दीवान, रामलाल दीवान, धनेश्वर दीवान, गौतम चक्रधारी पंच, कपिल चक्रधारी एवं समस्त आयोजन समिति तुपकबोरा एवं छुईहा के सदस्य व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# बिरकोनी स्कूल में छात्राओं को खिलाई गई एल्बेंडाजोल की गोली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरकोनी में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर कक्षा नवमी से बारहवीं में अध्ययनरत समस्त छात्राओं को कृमिनाशक गोली एल्बेनडाजोल खिलाई गई। छात्राओं के साथ विद्यालय के समस्त व्याख्याता, शिक्षक और कार्यालयीन कर्मचारी भी गोली का सेवन किए। संस्था के प्रभारी प्राचार्य टामेश्वरी साहू ने कार्यक्रम का उद्देश्य बताते हुए बताया कि किशोरों के स्वास्थ्य और पोषण के स्तर में सुधार, एनीमिया के रोकथाम, बौद्धिक विकास में योगदान और स्कूल में उपस्थिति को बढ़ावा देना है। विद्यालय के स्वास्थ्य प्रभारी अनुपमा मानिकपुरी ने कृमि संक्रमण के लक्षण के बारे में बताया, जैसे दस्त, पेट दर्द, कमजोरी, उल्टी दस्त और भूख न लगना हो सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता परस राम सिन्हा ने किया। संस्था की शिक्षक रेणुका चंद्राकर ने छात्राओं के सामने गोली खाकर बताया। व्याख्याता रागिनी चंद्राकर ने कृमि संक्रमण से बचाव के उपाय बताए जैसे हमेशा साफ पानी पीने, खाने को ढंक कर रखना, नाखून साफ और छोटे रखने, फल और सब्जियां धोने, खाने से पहले और शौच जाने के बाद साबुन से हाथ धोने, खुले में शौच न करने, शौचालय का इस्तेमाल करने, स्वयं की सफाई और आस पास की सफाई के लिए जागरूक होने की बात कही। साथ ही छात्राओं को राष्ट्रीय खेल दिवस के बारे में अवगत कराया गया। व्याख्याता मनहरण लाल भट्ट ने बताया कि मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस के अवसर पर खेल दिवस मनाया जाता है।



कार्यक्रम में व्याखातागण श्रवण सिन्हा, संतराम साहू, चित्रसेन साहू, मनीषा तिर्की, शिक्षक महेंद्र ध्रुव, भानेंद्र सिंह बिसेन, कार्यालयीन कर्मचारी मनीषा राजपूत, केशव कन्नौजे, बीएड के प्रशिक्षु शिक्षक संदीप ध्रुव, ओमप्रकाश ध्रुव, राहुल चंद्राकर, राधेश्याम नेति, पायल लोधी, टिकेश्वरी साहू सहित समस्त छात्राएं उपस्थित रहें।

### लहंगर स्कूल में 18 छात्राओं को बांटी गई साइकिल

**महासमुंद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लहंगर में वर्ष 2024-25 में कक्षा 9वीं में अध्यनरत 18 छात्राओं को निःशुल्क सरस्वती सायकल योजना के तहत साइकिल वितरण किया गया। मुख्य अतिथि शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष लीलाधर ध्रुव, सरपंच मीना देवदास, पंच जानकी ध्रुव व विशेष अतिथि में दयाराम ध्रुव, विशेष यादव, हरिचंद पटेल, माखन निषाद, शांति नायक, उर्मिला नेताम, कविता निषाद सहित स्कूल के प्राचार्य टंकेश्वर गिरी गोस्वामी, व्याख्यातागण हेमंत साहू, केशव राम दीवान एवं विज्ञान सहायक हितेश्वर ध्रुव आदि उपस्थित रहे।






### पचरी में हर्षोल्लास के साथ मनाया जन्मोत्सव

**महासमुंद।** ग्राम पचरी में भगवान कृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस मौक पर युवा समिति द्वारा मटकी फोड़, दही लूट, जलेबी दौड़, कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत वन सभापति हेमंत डड़सेना ने भगवान कृष्ण की छायाचित्र का पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता में विजेता को पुरस्कार वितरण किया गया। इस दौरान पूर्व सरपंच देव कुमार टंडन, जगन्नाथ डड़सेना, हेमलता सिन्हा, लेख राम साहू, उमेश डड़सेना, मोती राम सिन्हा, जनक लाल, लखन टडन, मोहित डोरा, पवन सिन्हा, मीना सिन्हा, परसु राम रात्रे, बदलदाऊ सिन्हा, लीलाधर, हेमंत, प्रदीप दीवान, टीकू, महेंद्र दीवान, ईश्वर, इंदेश्वर, सोहन यादव आदि मौजूद रहे। एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

